हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 27 मार्च 2026

06 शोरूम से डेढ़ लाख की चोरी, पुलिस ने आरोपी को ...



09 कौन बनेगा करोड़पति में 50 लाख जीतने वाली...





## खबर संक्षेप

### संभाग स्तर पर परिवेदना निवारण शिविर 1 अप्रैल से

**सागर।** लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. के निर्देशानुसार जिला स्तर पर परिवेदना निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सागर, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र को आयोजन कराने के निर्देश दिए गए हैं। संभाग मुख्यालय पर परिवेदना निवारण शिविर 01 अप्रैल को इस कार्यालय के नवीन भवन के प्रथम तल पर स्थित मीटिंग हाल में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रमुखता से लंबित क्रमोन्नति / समयमान वेतनमान के प्रकरणों का निराकरण। वेतन वृद्धि संबंधी प्रकरण। सेवा अभिलेखों का अद्यतनीकरण। आगामी 3 वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के वेतन निर्धारण का कोष लेखा द्वारा परीक्षण किया जाकर वसूली योग्य प्रकरणों में सेवानिवृत्ति के पूर्व वसूली का निर्धारण। पेंशनरी व अन्य स्वत्वों का निराकरण। अन्य लंबित अभ्यावेदनों का निराकरण संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जाएगी।

### जिलास्तरीय मासिक समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**सागर।** सागर जिले की नवांकुर संस्थाओ का एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत कार्यालय में किया गया। इस दौरान डॉ के एस यादव वरिष्ठ प्रधान कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र सागर, पी एस बडोले उप संचालक उद्यानिकी विभाग सागर, के के मिश्रा, जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, सभी विकासखंड समन्वयक, नवांकुर संस्था, सी एम इंटर्न उपस्थित रहे। जिला समन्वयक द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रस्फुटन प्रशिक्षण, ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान, नर्सरी संचालन, संस्कार केंद्र संचालन, जन सूचना केंद्र संचालन, प्याऊ संचालन (जल मंदिर), सेक्टर स्तर बैठक आदि विषयों पर सभी नवांकुर संस्थाओ की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने ने कहा कि सभी संस्थाएं जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न चरणों में परिषद के नेटवर्क द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियों (जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम, जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम, बावड़ी उत्सव कार्यक्रम) का क्रियान्वयन शत प्रतिशत लक्ष्य अनुसार पूर्ण करें। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक के एस यादव द्वारा नवांकुर संस्थाओं को नर्सरी निर्माण का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने पॉलीथिन बेग की उपलब्धता, बीज निर्माण, पौधा रोपण, सिंचाई, मिट्टी परीक्षण, मौसम की अनुकूलता आदि विषयों सहित अन्य विषयों पर जानकारी प्रदान की । उद्यनिकी विभाग के उपसंचालक पी एस बडोले द्वारा उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

### कलेक्टर के निर्देश पर पेट्रोल पंपों का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश के तत्काल पश्चात समस्त राजस्व अधिकारी एवं जिला आपूर्ति अधिकारी के द्वारा लगातार पेट्रोल पंपों की मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट गगन विसेन, विजय डेहरिया, एसडीएम अमन मिश्रा, एसडीएम आरती यादव, कुलदीप पाराशर, रविश श्रीवास्तव, मनोज चौरसिया, मुनव्वर खान, राज नंदिनी शर्मा, संदीप तिवारी, राहुल गौड, राजेश पांडे, जिला आपूर्ति अधिकारी ज्योति बघेल, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी निशांत पांडे ने जिले के समस्त पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया एवं पेट्रोल पंप पर मौजूद नागरिकों से अपील की गई कि पेट्रोल डीजल की कोई भी कमी नहीं है घबराने की आवश्यकता नहीं सभी को पेट्रोल हमेशा मिलता रहेगा निरंतर आपूर्ति बनी हुई है। सभी एसडीएम के द्वारा अपने अपने क्षेत्र की पेट्रोल पंप संचालकों की भी बैठक ली गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

---

### कलेक्टर ने पेट्रोल पंप संचालकों के साथ पेट्रोल डीजल की उपलब्धता की समीक्षा की

# जिले में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों पर ध्यान न दें, कालाबाजारी करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि तेल कंपनियों के पास मौजूदा समय में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है एवं मांग के अनुसार निरंतर आपूर्ति की जा रही है। साथ ही कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में ईधन आपूर्ति की लगातार मॉनिटरिंग करें एवं आमजन को समझाइश दें कि कहीं भी पेट्रोल डीजल की कमी नहीं है। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने पेट्रोल पंप संचालकों के साथ, पेट्रोल डीजल की उपलब्धता की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में अपर कलेक्टर अविनाश रावत, नगर दंडाधिकारी गगन बिसेन, जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति बघेल, पेट्रोल पंप संचालक अध्यक्ष राजेंद्र दुबे एवं कंपनियों के संचालक एवं सेल्स ऑफिसर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले के पेट्रोल पंप संचालकों एवं पेट्रोल डीजल की विभिन्न कंपनियों के सेल्स ऑफिसर के साथ समीक्षा बैठक ली जिसमें जिले के पेट्रोल पंपों पर ईधन की उपलब्धता एवं मांग की समीक्षा की गई। कलेक्टर को बताया गया कि सभी पेट्रोल पंप पर पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है एवं लगातार मांग के अनुसार आपूर्ति की जा रही है। विभिन्न कंपनियों के सेल्स ऑफीसरों नें बताया कि कंपनियों में भी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है चिंता करने की कोई बात नहीं है एवं अफवाहों पर ध्यान ना दें। पेट्रोल पंप एसोसिएशन एवं विभिन्न पंप संचालक और आईओसीएल एवं बीपीसीएल कम्पनी के सेल्स ऑफिसर के साथ के भण्डारण और पूर्ति के संबंध में समीक्षा की गई। बैठक में संचालकों ने बताया कि पम्प पर पर्याप्त स्टॉक है। किन्तु अफ़वाहों के कारण पम्पों पर भीड़ बढ़ी है। सेल्स ऑफिसर्स ने बताया कि पूर्ति लगातार की जा रही है। कम्पनी में भी स्टाक की पर्याप्त मात्रा है।

कलेक्टर संदीप जी आर ने सागर जिले के समस्त नागरिकों से अपील की कि पैनिक होने की स्थिति नहीं है। जिले में पेट्रोल-डीजल के सप्लाई निर्बाध्य रूप से एवं लगातार की जा रही है। वाहनों में अतिरिक्त पेट्रोल-डीजल का अनावश्यक भण्डारण न करें, क्योंकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि सामान्य दिनों की तरह ईंधन की उपलब्धता निरंतर बनी हुई है। सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनके पास पर्याप्त स्टॉक हमेशा रहता है । कंपनियों द्वारा भी नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने का अनुरोध किया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोल-डीजल की किसी प्रकार की कमी नहीं है। अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पैनिक न हों। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा भविष्य की आवश्यकता के लिए भी पर्याप्त स्टॉक सुरक्षित है। ऑयल कंपनियों को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही बढ़ती मांग को देखते हुए सप्लाई चेन को भी सुदृढ़ किया जा रहा है।

कलेक्टर संदीप जी आर ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी पूरी सतर्कता के साथ स्थिति पर निगरानी रखे तथा नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये। ईंधन की पर्याप्त एवं सुचारू आपूर्ति होती रहे इस हेतु लगातार पेट्रोल पंपों का निरीक्षण करते रहें।

कलेक्टर संदीप जी आर ने इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम व हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा कि स्टॉक की उपलब्धता के सम्बंध में डेटा शेयर करेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वितरण व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के पेट्रोल पम्पों पर स्टॉक उपलब्ध कराया जाए। आगे भी इस व्यवस्था को बनायें तथा सभी पेट्रोल पम्पों पर अनाउंस सिस्टम पर उपभोक्ताओं को संबोधित करें। इसके अलावा वितरक कंपनियां ब्लैक मार्केटिंग करने वाले डीलरों पर तत्काल कार्यवाही करें। उन्होंने जिला आपूर्ति नियंत्रक को निर्देशित किया कि सभी पेट्रोल पंपों पर निगरानी रखें एवं कालाबाजारी करने वालों पर एसडीएम, तहसीलदार के साथ मिलकर कार्यवाही करें।

## डीएम का सख्त आदेश: रामकुमार घोषी को 7 जिलों की सीमा से बाहर किया

**सागर।** सागर जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने एक सख्त कदम उठाते हुए लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त बताए जा रहे रामकुमार पिता राजकुमार घोषी, निवासी कनेरादेव थाना मोतीनगर को जिला बदर कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश के अनुसार आरोपी को आदेश तामील होने के 24 घंटे के भीतर सागर जिले की राजस्व सीमा के साथ-साथ समीपवर्ती दमोह, छतरपुर, रायसेन, नरसिंहपुर, विदिशा, अशोकनगर एवं टीकमगढ़ जिलों की सीमाओं से पांच माह की अवधि के लिए बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान बिना न्यायालय की अनुमति के इन क्षेत्रों में प्रवेश करने पर उसके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि संबंधित व्यक्ति वर्ष 2020 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है और उसके विरुद्ध हत्या के प्रयास, मारपीट, गाली-गलौच तथा जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर अपराधों के कुल छह प्रकरण विभिन्न थानों में पंजीबद्ध हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि आरोपी की गतिविधियों के कारण क्षेत्र में भय और असुरक्षा का वातावरण बना हुआ था तथा आम नागरिक खुलकर उसके खिलाफ साक्ष्य देने से भी कतराते थे। प्रशासन का मत है कि उसकी मौजूदगी से लोक शांति एवं सार्वजनिक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था और भविष्य में भी उसके द्वारा अपराध किए जाने की आशंका बनी हुई थी। प्रकरण में विधिवत नोटिस जारी कर आरोपी को सुनवाई का अवसर दिया गया, जिसमें उसने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को असत्य बताते हुए यह तर्क दिया कि उसके खिलाफ व्यक्तिगत द्वेषवश झूठे प्रकरण दर्ज कराए गए हैं तथा वह एक पारिवारिक व्यक्ति है जिस पर उसके परिजन आश्रित हैं। उसने यह भी कहा कि कुछ मामलों में उसे न्यायालय से दोषमुक्त किया जा चुका है और शेष मामलों का वह विधिक रूप से सामना कर रहा है। इसके बावजूद जिला मजिस्ट्रेट ने उपलब्ध अभिलेखों, पुलिस प्रतिवेदन तथा परिस्थितियों का समग्र मूल्यांकन करते हुए पाया कि आरोपी की आपराधिक प्रवृत्ति में कोई सुधार नहीं हुआ है और उसके विरुद्ध पूर्व में की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों का भी अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ा है।मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पारित इस आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सार्वजनिक सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक है। आदेश में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि आरोपी के विरुद्ध किसी न्यायालय में प्रकरण लंबित है तो वह संबंधित तिथि पर न्यायालय में उपस्थित हो सकेगा, किंतु इसके लिए उसे पूर्व में थाना प्रभारी को सूचना देना अनिवार्य होगा और पेशी के बाद तुरंत क्षेत्र से बाहर जाना होगा। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद स्थानीय क्षेत्र में मिश्रित लेकिन प्रमुख रूप से राहत भरी प्रतिक्रिया देखने को मिली है।

## शासकीय अग्रणी महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं और रैली के माध्यम से दिया जल बचाने का संदेश

### जल गंगा संवर्धन अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत जन सहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण और संवर्धन पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के कुशल निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अमर कुमार जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को जल की महत्ता और जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के प्रति जागरूक करना रहा।

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए गठित विभिन्न समितियों के सदस्यों ने कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई। भाषण प्रतियोगिता को डॉ. संगीता मुखर्जी (संयोजक), भानुप्रिया पटेल एवं डॉ. कनिष्क तिवारी की टीम ने बखूबी संपन्न कराया। पोस्टर प्रतियोगिता में डॉ. प्रतिमा जैन (संयोजक), डॉ. संदीप सबलोक, डॉ. शालिनी सिंह परिहार की टीम ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया। निबंध प्रतियोगिता का कुशल संचालन डॉ. अभिलाषा जैन (संयोजक) के साथ राकेश सैनी एवं रोशनी चौधरी ने किया। वहीं, स्लोगन प्रतियोगिता का दायित्व डॉ. राणा कुंजर सिंह (संयोजक), राखी गौर एवं सुश्री प्रतीक्षा जैन ने संभाला। जागरूकता रैली का नेतृत्व लेफ्टिनेंट जय नारायण यादव, लेफ्टिनेंट कीर्ति रैकवार एवं डॉ. अनिल मेहरोलिया द्वारा किया गया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने नगर में जल चेतना का संचार किया। अभियान के अंतर्गत आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 'जल संरक्षण और संवर्धन' विषय पर अपने ओजस्वी विचार रखे। निर्णायक मंडल के मूल्यांकन के आधार पर रवि कांता शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूनम चौरसिया को द्वितीय और ऋचा रैकवार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही, सृष्टि बोहरे और आवेश सिंह लोधी ने भी अपने प्रभावशाली प्रदर्शन से जजों को प्रभावित किया।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सामूहिक प्रयासों से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर जल सुरक्षा और संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश समाज के बीच दिया।

### आबकारी विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया में परिवर्तन

**सागर।** आबकारी विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया में परिवर्तन किया गया हैं। अब एकल मदिरा दुकान के लिये भी टेंडर भरे जा सकते हैं, विगत वर्ष के वार्षिक मूल्य के मात्र दो प्रतिशत अधिक मूल्य पर पर टेंडर भरने की सुविधा दी गई है। टेंडर भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च दोपहर 12.00 बजे तक टेंडर भरने के लिये लिंक है।

### सागर पुलिस की संवेदनशीलता और मुस्तैदी का सराहनीय उदाहरण

# डायल-112 की तत्परता से बिछड़ी मासूम बच्ची सुरक्षित, परिवार से मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सागर जिले में पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल के एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा के निर्देशन में संचालित डायल-112 सेवा द्वारा एक बार फिर मानवीय संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। 26 मार्च को राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम भोपाल से सागर कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि एक छोटी बच्ची सागर रेलवे स्टेशन पर अकेली उतर गई है, जबकि उसके परिजन ट्रेन में सोए होने के कारण आगे निकल गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस कंट्रोल रूम सागर में पदस्थ उप निरीक्षक आरकेएस चौहान द्वारा मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल एफआरबी 05 गोपालगंज को समझाइश देकर स्टेशन के लिए रवाना किया गया।

एफआरबी टीम ने मौके पर पहुंचकर जीआरपी सागर के सहयोग से त्वरित सर्चिंग अभियान चलाया और कुछ ही समय में मासूम बच्ची को सकुशल ढूंढ लिया।

इसके बाद बच्ची को सुरक्षा के साथ पुलिस कंट्रोल रूम सागर लाया गया, जहां से परिजनों से फोन के माध्यम से संपर्क स्थापित कर उन्हें तत्काल बुलाया गया।पूछताछ में परिजनों द्वारा बताया गया कि वे मैहर क्षेत्र के समीपस्थ गांव से खुरई में खेतों की कटाई का कार्य करने आए थे और वापसी के दौरान ट्रेन में सभी को नींद लग गई। सागर स्टेशन पर ट्रेन रुकने के दौरान बच्ची को लगा कि सभी उतर गए हैं, जिस कारण वह अपना छोटा बैग लेकर प्लेटफॉर्म पर उतर गई। आगे जाकर जब परिजनों को बच्ची के साथ न होने का अहसास हुआ तो वे घबरा गए।

इसी दौरान ट्रेन में मौजूद एक जागरूक महिला द्वारा डायल-112 पर सूचना देकर पुलिस को अवगत कराया गया।सागर पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते बच्ची को सुरक्षित बरामद कर कुछ ही समय में परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपनी बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू थे और उन्होंने सागर पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया।

इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस कंट्रोल रूम सागर से उप निरीक्षक आरकेएस चौहान एवं उनकी टीम, तथा एफआरबी गोपालगंज से प्रधान आरक्षक कमलेश मिश्रा एवं पायलट विक्रांत सिंह की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। जोर जोर से रोती हुई मासूम बच्ची को सकुशल और मुस्कुराते हुए देखकर पुलिस कर्मियों को भी अत्यंत संतोष एवं खुशी का अनुभव हुआ। यह घटना एक बार फिर दर्शाती है कि सागर पुलिस न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में बल्कि मानवीय संवेदनाओं के साथ आमजन की सेवा में भी सदैव तत्पर है।

---



## गहन चिंतन और सार्थक संवाद से व्यक्तित्त्व में निखार आता है: दिवाकर सिंह राजपूत

**सागर।** एनसीओ अकादमी ढाना सागर में सेना के अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण सत्र में क्रिटिकल थिंकिंग पर मुख्य वक्ता के रूप प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने व्याख्यान दिया। डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के डॉयरेक्टर ऑफ अकादमिक अफेयर्स एवं मानविकी व समाज विज्ञान संकाय के डीन प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने भारतीय सेना में पदस्थ सैनिकों एवं अधिकारियों को संगोष्ठी में उद्बोधन देते हुए कहा कि गहन चिंतन एवं सार्थक संवाद से व्यक्तित्त्व में निखार आता है, समस्याओं का समाधान मिलता है। डॉ राजपूत ने कहा कि अपने आप को समझने और स्वीकार करने की कोशिश के साथ ही आत्म विश्वास से आगे बढ़ें, तो सफलता अवश्य मिलती है। देश के रक्षकों की सजगता से ही हम सब सुरक्षित हैं। प्रोफेसर राजपूत ने सेना को समर्पित करते हुए ढाना मॉडल भी प्रस्तुत किया। ब्रिगेडियर ललित शर्मा शौर्य चक्र ने प्रोफेसर दिवाकर सिंह के व्याख्यान और ढाना मॉडल की प्रशंसा करते हुए उनको स्मृति चिन्ह भेंट किया।



## उत्पादक समूह सदस्यों की कार्यशाला का आयोजन

**सागर।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा महिला किसानों के द्वारा अपने खेतों में जो कृषि उत्पाद तैयार किए जाते हैं उन कृषि उत्पादों के समुचित विपणन के लिए उत्पादक समूह अर्थात प्रोड्यूसर ग्रुप बनाए गए हैं। यह प्रोड्यूसर ग्रुप किसान और मंडी के बीच की बिचौलियों को हटाते हुए एक कड़ी का काम करेंगे और महिला के किसानों को उनके उत्पाद का समुचित दाम दिलाने के लिए एक ग्राम स्तरीय व्यापारी की भूमिका का निर्वहन करेंगे। इस कार्यशाला में विकासखंड देवरी, विकासखंड सागर, माल्थोन, खुरई और शाहगढ़ की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रभाष मुधोतिया ने महिला किसानों को बाजार विपणन के बारे में ग्रेडिंग पैकिंग मूल्य संवर्धन के बारे में । अनूप तिवारी ने उत्पादों की गुणवत्ता की जानकारी उत्पादक समूहों के प्रबंधन के बारे में उत्पादक समूह और संकुल स्तरीय फेडरेशन के बीच में आपसी लेनदेन के संदर्भ में कार्यशील पूंजी और अधोसंरचना मध्य की राशि के उपयोग के संदर्भ में। डॉक्टर आशीष त्रिपाठी ने जैविक खेती और कीटनाशक तैयार करने की घरेलू वीडियो के बारे में बताया । उपसंचालक उद्यानिकी बडोले ने उद्यानिकी विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं के बारे में और एक बगिया मां के लाभार्थी महिलाओं को पौध प्रबंधन तकनीकी के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर के अनुसार महिला किसानों को लखपति दीदी बनाने के लिए शासन की ओर से उत्पादक समूह हो का पृथक से गठन कर उनके ग्राम स्तरीय व्यापार की स्थापना के लिए अधूरेसंरचना मत और कार्यशील पूंजी का प्रदाय किया गया है।



## सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समाज में बढ़ रहा उत्साह: लखन

**सागर।** क्षत्रिय महासभा जिला सागर के तत्वावधान में आगामी 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले क्षत्रिय समाज के सामूहिक कन्यादान विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में बीना में ब्लाक स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और धन संग्रह को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महासभा के जिला अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष लखन सिंह ने कहा कि पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की पहल पर समाज के वरिष्ठ जनों से विचार-विमर्श करते हुए यह आयोजन किया जा रहा है। सामूहिक विवाह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकजुटता, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक है। इस पहल के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को सम्मानपूर्वक विवाह का अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश भी जा रहा है। सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए ब्लाक स्तर पर गठित बीना की कमेटी सदस्यों और समाज के नागरिकों ने विचार-विमर्श किया। आयोजन समिति द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह हेतु चयन केवल सागर जिले की कन्याओं का ही किया जाएगा और इसके लिए गरीबी की वास्तविक आर्थिक स्थिति को आधार माना जाएगा, ताकि वास्तव में जरूरतमंद परिवारों को इस योजना का लाभ मिल सके। सम्मेलन के लिए धन संग्रह की अंतिम तिथि 5 अप्रैल निर्धारित की गई है। वहीं सामूहिक विवाह में शामिल होने के इच्छुक परिवारों से 6 से 10 अप्रैल के बीच आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। आवेदन के साथ आयु प्रमाण पत्र और आधार कार्ड संलग्न करना अनिवार्य रहेगा। क्षत्रिय समाज की आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं के विवाह संपन्न कराने हेतु समाज के नागरिक बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को बीना ब्लॉक में 4 लाख 58 हजार एक सौ रुपये का सहयोग समाजजनों द्वारा प्रदान किया जा चुका है। समाज के वरिष्ठजनों ने अपील करते हुए कहा कि यह पुनीत कार्य हर व्यक्ति की सहभागिता से ही सफल होगा। प्रत्येक सक्षम नागरिक को अपनी श्रद्धा अनुसार आर्थिक सहयोग अवश्य देना चाहिए, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद कन्याओं के जीवन में खुशियों का संचार किया जा सके। उन्होंने युवाओं से भी आगे आकर इस सामाजिक अभियान में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।बैठक में आयोजन को सामाजिक समरसता और सहयोग का प्रतीक बताते हुए सभी से अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की गई।

### 24 घंटे में पर्दाफाश, एसपी के सख्त निर्देशों का असर

# शोरूम से डेढ़ लाख की चोरी, पुलिस ने आरोपी को नकदी सहित धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर सख्त नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत देहात पुलिस को सफलता मिली है। बजाज मोटरसाइकिल शोरूम में हुई डेढ़ लाख रुपये की चोरी का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे में ही खुलासा कर आरोपी को माल सहित गिरफ्तार भी कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई पूरी नगदी भी बरामद कर ली है।

## कैश काउंटर से किए थे डेढ़ लाख की नकदी पर हाथ साफ

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देश पर जिले भर में संपत्ति अपराधों के मामलों में तेजी लाने के लिए थाना प्रभारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत थाना देहात क्षेत्र में हुई इस चोरी की वारदात का खुलासा संभव हो सका। थाना देहात क्षेत्र स्थित एक बजाज मोटरसाइकिल शोरूम में 22 मार्च की दरमियानी रात अज्ञात चोर ने कैश काउंटर का दराज तोड़कर डेढ़ लाख रूपये की नकदी चोरी कर ली थी। इस मामले में फरियादी कुलदीप टिकरिया निवासी छतरपुर की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत जांच शुरू की।




## पुलिस की तीन टीमें हाईटेक जांच करते हुए पहुंची आरोपी तक

उक्त चोरी के मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एबं एसडीओपी राहुल कटरे के नेतृत्व में कोतवाली, देहात और बड़ागांव थाना की संयुक्त तीन विशेष टीमें गठित की गईं। उक्त पुलिस टीमों ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तकनीकी साक्ष्य जुटाए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। लगातार निगरानी और दबिश के बाद संदिग्ध आरोपी की पहचान कर उसे ग्राम पहाड़ीखुर्द से गिरफ्तार कर लिया गया।

## पुलिसिया पूछताछ में आरोपी ने कबूला जुर्म, नकदी जब्त

पुलिस गिरफ्त में आये आरोपी आशीष यादव निवासी बड़ागांव खुर्द से जब पुलिस ने अपने चिर परिचित पुलिसिया अंदाज में पूछताछ की तो आरोपी ने उक्त चोरी की वारदात कबूल कर ली। इसके बाद आरोपी से चोरी की रकम के बारे में पूंछा गया तब आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की संपूर्ण डेढ़ लाख की नगदी बरामद कर ली है।

## खुलासा टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा

कार्रवाई में उपनिरीक्षक मनोज दुबे, सहायक उप निरीक्षक गोटीराम, प्रधान आरक्षक सतीश शर्मा, रामरतन पटसारिया, विकास मिश्रा, आरक्षक मनोज नायक, मुकेश, अरवाज अली एवं महिला आरक्षक उमा गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने उक्त टीम के उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की है। साथ ही जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या डायल-112 पर दें, क्योंकि अपराध नियंत्रण में आमजन की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

### पुलिस ने जारी किया ट्रैफिक प्लान

# रामनवमी पर शहर में रूट डायवर्जन वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**टीकमगढ़।** रामनवमी के अवसर पर शहर में निकलने वाले जुलूस एवं शोभायात्राओं के दौरान सुरक्षा एवं सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में शहर के प्रमुख मार्गों, जुलूस मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष पुलिस बल तैनात किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी स्तर के अधिकारियों के मार्गदर्शन में शहर में सघन गश्त, निगरानी एवं ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है, जिससे जुलूस के दौरान आमजन को कम से कम परेशानी हो। पुलिस द्वारा जारी किये गये रूट चार्ट के अनुसार नजरबाग मंदिर से प्रारंभ होकर कोतवाली, सेल सागर, मिश्रा तिराहा, लुकमान चौराहा, जवाहर चौक, पुरानी नगर पालिका, एसडीओपी कार्यालय, जेठा चौराहा, सुभाष बुक डिपो, एसबीआई चौराहा, गांधी चौराहा होते हुए जुलूस का समापन पुनः नजरबाग मंदिर पर होगा।

जुलूस के दौरान इस पूरे मार्ग पर सामान्य वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा यातायात धीमा रहने की संभावना है। इस दौरान आम नागरिकों की सुविधा के लिए पुलिस द्वारा वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं जिनमे झांसी रोड से राजमहल जाने वाले वाहन गृहस्थी बाजार होते हुए ढोंगा रोड का उपयोग करेंगे। अस्पताल तिराहा से अंबेडकर तिराहा, जय स्तंभ, पुराना बस स्टैंड, घंटाघर, चित्रगुप्त मंदिर, ताल दरवाजा मार्ग से हल्के वाहन निकल सकेंगे। पुलिस ने सभी वाहन चालकों से हरे तीर वाले वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है। विशेष ट्रैफिक नियंत्रण क्षेत्र स्थानों पर विशेष यातायात व्यवस्था लागू रहेगी। जिसमें गांधी चौराहा, जय स्तंभ, नजरबाग मंदिर क्षेत्र, पुराना बस स्टैंड, एसबीआई चौराहा, नगर भवन एवं कोतवाली क्षेत्र बाले स्थानों पर भीड़ अधिक होने पर




वाहनों की आवाजाही नियंत्रित या अस्थायी रूप से रोकी जा सकती है।

यातायात सुचारू रखने के लिए कुछ मार्गों पर अस्थायी वन-वे व्यवस्था लागू रहेगी। इस दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम करते हुए जुलूस मार्गों एवं धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी, सीसीटीवी एवं तकनीकी माध्यमों से मॉनिटरिंग, भीड़ नियंत्रण के लिये विशेष प्रबंध लगातार गश्त एवं पेट्रोलिंग की जाएगी। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। नागरिकों के सहयोग से ही रामनवमी का पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जा सकता है।

### घटनास्थल पर ही होगी वैज्ञानिक जांच

# हाईटेक हुई पुलिस, मोबाइल फोरेंसिक वैन से होगी ऑन द स्पॉट जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराधों की वैज्ञानिक जांच को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा जिला पुलिस को एक अत्याधुनिक मोबाइल फोरेंसिक वैन एवं एक नई एसयूव्ही वाहन उपलब्ध कराया गया है। इस मोबाइल फोरेंसिक वैन की अनुमानित लागत लगभग 67 लाख रुपये तथा एसयूव्ही वाहन की लागत लगभग 14 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में दोनों नए वाहनों का विधिवत पूजन किया गया तथा मोबाइल फोरेंसिक वैन का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वैन में उपलब्ध आधुनिक फोरेंसिक उपकरणों, साक्ष्य संग्रहण किट, साक्ष्य संधारण प्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वैन में फोरेंसिक टीम के कार्य को ध्यान में रखते हुए बैठने की सुव्यवस्थित व्यवस्था, सुरक्षा हेतु मजबूत जाली, गर्मी के मौसम में कार्य सुविधा के लिए वातानुकूलन, पर्याप्त स्टोरेज स्पेस तथा संवेदनशील सामग्री के सुरक्षित परिवहन के लिए विशेष व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। इस वैन के माध्यम से घटनास्थल पर ही साक्ष्यों की प्रारंभिक जांच और सुरक्षित संग्रहण किया जा सकेगा। जिला पुलिस को प्रदान की गई नई एसयूव्ही वाहन का भी निरीक्षण किया गया तथा उसके सुरक्षा मानकों और उपयोगिता का परीक्षण किया गया। यह वाहन पुलिस की फील्ड ड्यूटी, गश्त और आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोगी साबित होगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि इन संसाधनों के उपलब्ध होने से घटनास्थल पर त्वरित एवं वैज्ञानिक जांच सुनिश्चित होगी, जिससे साक्ष्यों के संरक्षण और विश्लेषण की गुणवत्ता बढ़ेगी तथा अपराधों के शीघ्र और सटीक खुलासे में सहायता मिलेगी। इससे आमजन को बेहतर, त्वरित और पारदर्शी पुलिस सेवा मिल सकेगी। उक्त कार्यक्रम के दौरान एएसपी विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी राहुल कटरे, जिला वैज्ञानिक अधिकारी प्रदीप यादव, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, ट्रैफिक प्रभारी कैलाश पटेल, टीआई कोतवाली रविभूषण पाठक, टीआई देहात चंद्रजीत यादव, बल्देवगढ़ टीआई प्रीति भार्गव, महिला थाना प्रभारी एमपी सिंह सहित अन्य पुलिस थानो के थाना प्रभारी मौजूद रहे।




# अष्टमी पर बगाज माता दरबार में सुबह से लगी रही भक्तों की कतार

### 30 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना, प्रशासन और पुलिस ने संभाली व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नवरात्र की अष्टमी पर गुरुवार को प्रसिद्ध बगाज माता मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह 5 बजे से ही हजारों श्रद्धालु जवारे पूजन और अष्टमी पूजन के लिए मंदिर पहुंचने लगे थे। मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र सुबह से ही भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।

बुंदेलखंड में नवरात्र के दौरान जवारे रखने की परंपरा है और अष्टमी के दिन इन जवारों का विशेष पूजन किया जाता है। इसी परंपरा के तहत दूर-दूर से श्रद्धालु बगाज माता मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। भक्तो की भीड़ को देखते हुए ग्राम पंचायत सुंदरपुर से बगाज माता मंदिर तक के मार्ग पर पुलिस बल तैनात किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उक्त व्यवस्थाओं का जायजा लेने



एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि मंदिर और मेला परिसर में सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और लगातार निगरानी रखी जा रही है। बकपुरा पंचायत के सरपंच सुरेश तिवारी के अनुसार इस वर्ष अष्टमी पर बगाज माता मंदिर में लगभग 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने भी भीड़ को देखते हुए अधिकारियों को सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अष्टमी के अवसर पर टीकमगढ़ शहर में भी छोटी देवी मंदिर, बड़ी देवी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में भी सुबह से महिलाओं और श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। नौ दिनों का व्रत रखने वाले श्रद्धालु शुक्रवार को नवमी पर दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाने के बाद अपना उपवास खोलेंगे। इसके साथ ही नौ दिनों तक चली मां दुर्गा की आराधना का समापन होगा।

### आज नजर बाग मंदिर में होगा श्रीराम जन्म महोत्सव

# रामनवमी पर महाआरती-भंडारे के साथ निकलेगी शोभायात्रा



टीकमगढ़। नगर में श्री रामनवमी पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और पूरा शहर राममय होता जा रहा है। शहर में जगह-जगह महाआरती, प्रभातफेरी और धार्मिक आयोजनों का दौर जारी है। कलेक्टरेट रोड स्थित संगम गार्डन में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जहां श्रीराम दरबार सजाकर श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से आरती उतारी। आरती के बाद आकर्षक आतिशबाजी की गई तथा भंडारे का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। संगम गार्डन में भव्य महाआरती महाआरती और भंडारे का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार द्वारा भगवान श्रीराम का जन्म महोत्सव मनाने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां की गई हैं। 11 मार्च से शहर में प्रतिदिन प्रभातफेरी निकाली जा रही थी, जिसके माध्यम से शहर के हर वार्ड में घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र और धर्म ध्वजा वितरित की गई।

आयोजन समिति के अनुसार पिछले 15 दिनों में करीब 35 हजार घरों तक आमंत्रण पत्र पहुंचाए गए हैं। आमंत्रण पत्रों के माध्यम से श्रद्धालुओं को 27 मार्च को दोपहर 12 बजे नजर बाग मंदिर में आयोजित श्रीराम जन्म महोत्सव में शामिल होने का न्योता दिया गया है। इसके अलावा शुक्रवार शाम 5 बजे शहर में शोभायात्रा भी निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष रामनवमी पर्व को भव्य रूप से मनाने की तैयारी की गई है और शहर के हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।




# किसानों की आय बढ़ाने का नया रास्ता दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शुरू




**टीकमगढ़।** शासकीय कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ में ह्यराष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय मधुमक्खी पालन सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान एवं युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मधुमक्खी पालन केवल शहद उत्पादन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह खेती की उत्पादकता बढ़ाने और स्वरोजगार का एक सशक्त साधन भी है।

किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण युवाओं को रोजगार से जोड़ने में मधुमक्खी पालन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई मीठी क्रांति के सपने को साकार करने की दिशा में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों से किसानों को आधुनिक तकनीकों, शहद उत्पादन, मधुमक्खी प्रबंधन एवं विपणन की जानकारी देने का आग्रह किया गया, ताकि किसान आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है और खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए मधुमक्खी पालन जैसे सहायक व्यवसायों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे ग्रामीण युवाओं और किसानों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं।

### वार्ड पार्षद की पहल व प्रयासों से 170 परिवारों को मिला नलों में पानी

# पानी की समस्या का निकाला समाधान, लाखों का खर्च बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पानी केवल एक जरूरत नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। जब एक तरफ वार्ड की जनता पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रही हो, तब जनप्रतिनिधि व पार्षद का क्या दायित्व बनता है। बस इसी सवाल ने एक जनप्रतिनिधि व पार्षद को ऐसा नवाचार करने के लिए प्रेरित किया, जिनके द्वारा की गईं अनोखी और किफायती पहल की बजह से आज 170 परिवारों की जिंदगी बदल गई। साथ ही नगर पालिका का भारीभरकम बजट भी बच गया।

करीब 25 महीने पहले वार्ड क्रमांक 21 के अंतिम छोर पर रहने वाले लोगों के सामने पीने के पानी की गंभीर समस्या थी। लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए वार्ड पार्षद व नपा नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू ने समाधान की दिशा में पहल शुरू की। वार्ड क्रमांक 21 के अंतिम छोर






पर स्थित खेत मालिक रवि रावत से उनके बोर से पानी लेने का आग्रह किया गया, जिस पर उन्होंने जनहित में अपना बोर निशुल्क उपलब्ध करा दिया। इसके बाद नगर पालिका के सहयोग से लगभग तीन लाख रुपये की लागत से डेढ़ किलोमीटर लंबी दो इंच की पाइपलाइन और आधा इंच की डेढ़ किलोमीटर लाइन डाली गई। साथ ही 24 स्टैंड पोस्ट नल भी लगाए गए, जिससे करीब 170 परिवारों को पहली बार अपने घर के पास पीने का पानी मिलना शुरू हुआ। पानी की समस्या से जूझ रहें परिवारों के लिये यह केवल पाइपलाइन नहीं थी, बल्कि उन परिवारों के चेहरे पर आई मुस्कान की भावुक कहानी थी, जिन्हें वर्षों बाद अपने घर के पास पानी मिला। वार्ड पार्षद अभिषेक खरे ने बताया कि इस जनहित कार्य को बीच में रोकने का प्रयास भी किया गया, लेकिन तत्कालीन कलेक्टर अवधेश शर्मा के हस्तक्षेप और आदेश के बाद यह कार्य पूरा कराया और पानी की सप्लाई शुरू हो सकी। उन्होंने आंकलन करते हुए कहा कि यदि इन परिवारों को रोज टैंकर से पानी दिया जाता, तो नगर पालिका को हर साल लाखों रुपये खर्च करने पड़ते। लेकिन इस पाइपलाइन व्यवस्था से कम खर्च में स्थायी समाधान हो गया और पिछले दो वर्षों से लगातार पानी की सप्लाई की जा रही है। अभी शहर में पानी की टंकी और स्थायी लाइन बनने में एक वर्ष से अधिक समय लगेगा और इस बीच दो गर्मी के मौसम आएंगे। तब तक यह वैकल्पिक व्यवस्था ही लोगों को राहत देती रहेगी। गर्मी को देखते हुए पूरी पाइपलाइन और नलों की जांच कर व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है, ताकि गर्मियों में पानी की कमी न हो और सप्लाई लगातार जारी रहे।

### 4 साल पुराने मामले में फरार थी, ग्वालियर स्थित निवास से पुलिस ने गिरफ्तार किया

# कौन बनेगा करोड़पति में 50 लाख जीतने वाली तहसीलदार को भ्रष्टाचार मामले में जेल भेजा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कौन बनेगा करोड़पति में 50 लाख रुपए जीत कर चर्चित हुई श्योपुर जिले की सभी तहसीलों में तहसीलदार रह चुकी अमिता सिंह तोमर अब ढाई करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दी गई हैं। उन्हें बडौदा पुलिस ने ग्वालियर स्थित उनके निज निवास से गिरफ्तार किया था। वह सुप्रीम कोर्ट में जमानत खारिज होने के बाद फरार चल रही थी। श्योपुर जिले में यह पहला अवसर है,जब भ्रष्टाचार के मामले में तहसीलदार स्तर के किसी अधिकारी को जेल भेजा गया है।

ज्ञात हो कि 3 अगस्त 2021 को श्योपुर जिले में आई सदी की भीषणतम बाढ़ के बाद सरकार ने पुनर्स्थापना और पुनर्निर्माण हेतु 100 करोड़ रुपए से अधिक की राशि मुआवजा पैकेज जारी की थी। आरबीसी के तहत कराए गए सर्वे के बाद बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा राशि बांटी गई थी। बाद में ऑडिट के दौरान भोपाल से आई टीम को बड़ौदा तहसील में बड़ी संख्या में किसानों के खातों में मुआवजा राशि डाले जाने के मामले में गड़बड़ी मिली थी। ओर 2 करोड़ 57 लाख रुपए गलत खातों में ट्रांजेक्शन होना बताया था। इस मामले में बडौदा तहसील के 28 पटवारियों के नाम गलत ट्रांजैक्शन करने वाले पटवारियों के रूप में सामने आए थे। तब तत्कालीन कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर सभी पटवारियों को नोटिस जारी कर गलत खातों में डाली गई राशि शासन के खाते में जमा करने के निर्देश दिए गए थे, इसके लिए एक दल भी गठित कर दिया था उक्त दल कुछ पटवारियों ने राशि जमा भी कर दी थी लेकिन बाद में आय कलेक्टर संजय कुमार ने 28 पटवारियों में से अधिकतम राशि गलत खातों में ट्रांजैक्शन करने वाले 6 पटवारियों पर बड़ौदा थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी।

#### एक दिन पहले हटाई गई विजयपुर तहसीलदार पद से

जेल जाने वाली तहसीलदार अमिता सिंह तोमर वर्तमान में विजयपुर की तहसीलदार थी,जिन्हें बुधवार को ही कलेक्टर अर्पित वर्मा के द्वारा विजयपुर तहसीलदार पद से हटाया गया और उनकी जगह रजनी बघेल को विजयपुर तहसीलदार बनाया गया।

पुलिस ने जब इस मामले में मामले को अपने हाथ में लिया तो जांच के दौरान उसने सभी 28 पटवारी को यह मानते हुए आरोपी बना लिया कि चोरी एक रुपए की हो या एक लाख की चोरी चोरी मानी जाएगी साथ ही जिन खातों में गलत ट्रांजैक्शन हुआ था उन्हें भी आरोपी बनाया गया पुलिस की जांच में 110 लोग आरोपी बनाए गए बाद में इस मामले में बडौदा की तत्कालीन तहसीलदार अमिता सिंह तोमर को भी आरोपी बना लिया जिस समय अमिता सिंह तोमर को आरोपी बनाया गया वह विजयपुर तहसील की तहसीलदार थी उन्होंने पहले सेशन कोर्ट श्योपुर में जमानत के लिए आवेदन लगाया यहां जमानत खारिज होने के बाद हाई कोर्ट में जमानत याचिका लगाने लगाई गई यहां से भी खारिज होने के बाद वह जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली थी और तब से ही पुलिस उनके पीछे थी। एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर एसडीओपी बड़ौदा अवनीत शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार को ग्वालियर पहुंचकर तहसीलदार अमिता सिंह को उनके निवास से अरेस्ट किया। इसके बाद गुरूवार को उन्हें श्योपुर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे शिवपुरी जेल भेज दिया है।

#### इनका कहना

भ्रष्टाचार के मामले में फरार चल रही तहसीलदार अमिता सिंह तोमर को अरेस्ट कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

**अवनीत शर्मा**
**एसडीओपी बड़ौदा**

### अधिकृत टीम करेगी स्मार्ट मीटर लगाने का काम

# रियल टाइम डेटा के आधार पर अधिक पारदर्शी होंगे बिजली के बिल




#### कराहल, सेसईपुरा, सिलपुरी व खिरखिरी फीडर से 29 को बंद रहेगी सप्लाई

श्योपुर। 132/33 केव्ही उपकेन्द्र कराहल पर स्थापित 50 एमव्हीए ट्रांसफार्मर के प्री-मानसून मेंटेनेस हेतु आवश्यक कार्य किये जाने के चलते 29 मार्च को इस उपकेन्द्र से निर्गमित 33 केव्ही फीडर सेसईपुरा, कराहल टाउन, सिलपुरी एवं खिरखिरी से प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक बिजली बंद रहेंगी। उपमहाप्रबंधक दक्षिण संभाग ने बताया कि उक्त कार्य के चलते सेसईपुरा, कराहल टाउन, सिलपुरी एवं खिरखिरी फीडर से 29 मार्च को प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक संबंधित फीडर क्षेत्र में विद्युत की आपूर्ति बंद रहेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा पुराने बिजली मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने की पहल शुरू की गई है। इससे न केवल विधुत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा, साथ ही बिजली बिल में अधिक पारदर्शिता रहेगी। रीयल टाईम डेटा के आधार पर सटीक बिल उपभोक्ताओं का प्राप्त होगा।

महाप्रबंधक विधुत वितरण कंपनी श्योपुर एलएन पाटीदार ने बताया कि जिले में एपीआरएएवी स्मार्ट मीटरिंग इस्टॉलेशन कंपनी के माध्यम से अधिकृत लोमास इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग प्रायवेट लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत सभी विद्युत मीटरों को स्मार्ट मीटरों में परिवर्तित किया जाना है, इसी क्रम में पुराने बिजली मीटर को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है यह पहल विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार बिलिंग में पारदर्शिता और ऊर्जा क्षमता को बढ़ावा देने के लिए की जा रही है।

इस संबंध में स्मार्ट मीटर की स्थापना के लिए अधिकृत टीम स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य कर रही है। स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ता रियल टाइम डेटा के आधार पर सटीक और पारदर्शी बिजली बिल प्राप्त कर सकेंगे तथा अपने बिजली उपयोग की निगरानी आसानी से कर सकते है। तकनीकी सुधार-बिजली की खराबी या कटौती को तुरन्त पहचानने और ठीक करने में सहायता प्राप्त कर सकते है। यह कार्य प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। स्थापना प्रक्रिया में न्यूनतम समय लगेगा और आपकी बिजली में कोई व्यवधान नहीं होगा। चूंकि टीम द्वारा निःशुल्क स्मार्ट मीटर बदलवायें जा रहे है अतः क्षेत्र में किसी भी प्रकार के लेन-देन से बचें। इस प्रकार के किसी भी कृत्य में विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने वाली टीम को स्मार्ट मीटर स्थापना के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करें। किसी भी जानकारी व शिकायत के लिए कृप्या हमारे ग्राहक केन्द्र से सम्पर्क करें।

# रामेश्वर त्रिवेणी संगम के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन तथा अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय के निर्देशन में जिले के प्रमुख धार्मिक केन्द्र रामेश्वर धाम के विकास के लिए की गई पहल के क्रम में गुरूवार को रामेश्वर त्रिवेणी संगम पर जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत पूजन किया गया। धार्मिक आस्था से जुड़े इस स्थल के विकास के लिए जिला प्रशासन की पहल पर क्षेत्रवासियों ने जनसहयोग से कार्य कराने का संकल्प लिया है।

भूमि पूजन के साथ ही संगम स्थल को आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में पहल शुरू हो गई है। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी कैलाश पाराशर ने बताया कि त्रिवेणी संगम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के साथ सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल को सराहते हुए आर्थिक और श्रम सहयोग देने की बात कही। समिति अध्यक्ष दीनबंधु मीणा सोठवा और कोषाध्यक्ष कोमल खंडेलवाल (मानपुर) ने बताया कि जनभागीदारी से इस पवित्र स्थल को और अधिक आकर्षक बनाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर कार्य को समय पर पूर्ण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वीपी सिंह सोई, हंसराज मीणा, इंजीनियर राजेश कुमार राठौर,ओमप्रकाश पाराशर, लक्ष्मी नारायण आर्य, पुरुषोत्तम राठौर, विष्णु माहौर, मनोज पचोरी सोई, सरवन पटेल, बल्लू मीणा, भरत मीणा,मोनू माहौर, बृजेश योगी, काशीराम गुर्जर, बीरवल मीणा जैनी, सुरेश बिलवाड़ा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में विरासत मध्यप्रदेश न्याय चेप्टर श्योपुर अंतर्गत 6 दिवसीय सीप नदी संकल्प पदयात्रा का आयोजन किया गया था तथा जनभागीदारी से इस पवित्र और धार्मिक स्थल को विकसित करने की पहल जिला प्रशासन द्वारा की गई है तथा एसडीएम श्योपुर की अध्यक्षता में एक प्रशासकीय समिति भी गठित की गई है।

#### 27 बीघा भूमि शासकीय दर्ज करने का आदेश पारित

श्योपुर। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी कराहल बीएस श्रीवास्तव द्वारा ग्राम गोवर्धाखुर्द में 03 व्यक्तियों के नाम की अप्राधिकृत प्रविष्टि को विलोपित कर 27 बीघा भूमि शासकीय दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया है। प्रकरण के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि प्रकरण के संलग्न ग्राम गोवर्धाखुर्द के खसरा अभिलेख खसरा संवत 2030-34, संवत 2035-39, संवत 2045-49, संवत 2055-59, संवत 2060-64 में सर्वे नं. 7/1/द का कुल रकवा 12.738 में से रकवा 12.466 हेक्टेयर नोईयत जंगल गैर मुनकिन तथा रकवा 0.272 हेक्टेयर भूमि नोईयत चरनोई दर्ज है जबकि संवत 2066-2069 में अनावेदक लाभसिंह पुत्र रामगोपाल जाति गुर्जर ग्राम गोवर्धा भूमि सर्वे क्रमांक 7/4/11/1 रकवा 1.881 हेक्टेयर, प्यारासिंह पुत्र लालसिंह गुर्जर भूमि सर्वे क्रमांक 7/4/11/2 रकवा 1.881 हेक्टेयर, सुखचैन सिंह पुत्र बत्तसिंह जाति जाट सिख भूमि सर्वे क्रमांक 7/4/11/3 रकवा 1.881 हेक्टेयर पर खसरा संवत 2066 के खाना नं. 14 में अंकित किये गये हैं। जंगल गैर मुनकिन नोईयत की भूमि किस सक्षम अधिकारी के आदेश से एवं किन प्रावधानों के तहत आवेदकगणों के नाम अंकित की गई है, ऐसे किसी आदेश की प्रति अनावेदकगण द्वारा प्रकरण में प्रस्तुत नहीं की गई है। इससे प्रतीत होता है कि अभिलेख में प्रश्नाधीन भूमियों पर अनावेदकगण के नाम अवैध रूप से अंकित किये गये हैं। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर अनावेदकगण के नाम की प्रविष्टी अप्राधिकृत प्रविष्टी होने से स्थित रखे जाने योग्य नहीं है। अतः म.प्र. भू-राजस्व संहिता की धारा 115 के प्रावधान के तहत अनावेदकगणों की प्रविष्टी अप्राधिकृत होने से विलोपित किये जाने का आदेश दिया जाता है। ग्राम गोवर्धाखुर्द की भूमि सर्वे क्रमांक 7/4/11/1 रकवा 1.881 हेक्टेयर, भूमि सर्वे क्रमांक 7/4/11/2 रकवा 1.881 हेक्टेयर, भूमि सर्वे क्रमांक 7/4/11/3 रकवा 1.881 हेक्टेयर को पूर्ववत जंगल गैरमुनकिन दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया है तथा तहसीलदार कराहल को आदेश का अमल कर अभिलेख अद्यतन करने के निर्देश दिये गये है।

#### ईवीएम गोदाम का त्रैमासिक निरीक्षण



श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम गोदाम का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन, एटीओ राहुल शिवहरे, निर्वाचन पर्यवेक्षक श्री इमरान खान सहित राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि पुरूषोत्तम शर्मा भाजपा, सुमेर सिंह कांग्रेस, विकास कुमार बौद्ध बसपा,श्याम गौड आम आदमी पार्टी आदि उपस्थित रहें।

# जिला आयुष अधिकारी ने बगवाज और सोईकलां औषधालयों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार जिला आयुष अधिकारी डॉ. जीपी वर्मा द्वारा गुरूवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर बगवाज एवं शासकीय आयुर्वेद औषधालय सोईकलां का निरीक्षण किया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. जीपी वर्मा ने औषधालयों के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि औषधालय अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में नियमित रूप से आयुष जांच एवं स्वास्थ्य शिविर लगाये जायें तथा उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया जायें। शिविर के दौरान उन्होंने आयुर्वेद अंतर्गत विभिन्न प्रकार की औषधियों का वितरण करने तथा शिविर में मौजूद लोगों को दिनचर्या, ऋतुचर्या आदि महत्व बताते हुए पालन करने एवं योग प्रणायाम के प्रति जागरूक किया जायें। इसके साथ ही औषधालय परिसरों को सुव्यवस्थित तथा स्वच्छ रखा जायें।

### गसवानी थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने केस दर्ज किया

# कलयुगी बेटे ने हिस्सा देने की बात लेकर वृद्ध पिता को कुल्हाड़ी से पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




एक कलयुगी बेटे ने हिस्सा देने की बात को लेकर अपने वृद्ध पिता की कुल्हाडी से मारपीट कर दी। रिश्तो को शर्मसार करने वाली यह घटना गसवानी थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने कलयुगी बेटे के खिलाफ मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। गसवानी थाना प्रभारी भारत सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम सनगौरा गसवानी निवासी प्रीतम आदिवासी 61 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीते रोज जमीन जायदाद में से हिस्सा देने की बात को लेकर बेटे रतिराम आदिवासी ने न केवल गाली गलौच की,बल्कि उल्टी कुल्हाडी से मारपीट भी कर दी। मारपीट करने के बाद रतिराम भाग निकला। मारपीट के दौरान प्रीतम जख्मी हो गया। इस मामले में पिता प्रीतम की रिपोर्ट पर उसके बेटे रतिराम के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### रामनवमी आज, श्रीराम की शोभायात्रा को लेकर शहर सजा, फ्लैगमार्च निकाला

# भगवान श्रीराम की शोभायात्रा में इस बार नासिक के ढोल ताशे और आगरा की झांकियां रहेगी खासा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव चैत्र शुक्ल नवमी शुक्रवार को शहर समेत जिलेभर में पारम्परिक हर्षोल्लास और श्रद्धा-भावना के साथ मनाया जाएगा। शहर के एतिहासिक सोनघाट स्थित श्रीरामजानकी मंदिर पर दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम का जन्मोत्सव भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इसके बाद शाम 4 बजे यहां से भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा को लेकर जहां आयोजन समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं इस शोभायात्रा के स्वागत के लिए शहर के मुख्य बाजार को भी आकर्षक तरीके से सजा दिया गया है। शहर के लोग भी भगवान श्री राम की शोभायात्रा के स्वागत के लिए आतुर दिखाई पड रहे है। उधर पुलिस प्रशासन के द्वारा भी इस शोभायात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जुटा लिए गए है। गुरूवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा और एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल की अगुवाई में पुलिस व प्रशासन के द्वारा शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया और शरारती तत्वों को इस तरह के संकेत भी दे दिए कि शोभायात्रा के दौरान रंग में भंग डालने का काम किया तो खैर नहीं होगी।

विशेष बात यह है कि रामजानकी मंदिर से निकलने वाली भगवान श्री राम की शोभायात्रा में इस बार नासिक के ढोल ताशे और आगरा की झांकियां खासा आकर्षण का केन्द्र रहेगी। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मित्तल ने बताया कि भगवान श्री राम की शोभायात्रा में परंपरागत झांकियां तो पहले की भांति सजाई जाएगी। लेकिन आगरा की झांकिया और नासिक महाराष्ट्र के ढोल ताशेबजाने वाली टीम पहली बार भागीदारी करेगी। जब नासिक की ढोल ताशे बजाने वाली टीम ढोल ताशे बजाएगी तो शोभायात्रा के दौरान एक अलग तरह का नजारा निर्मित होगा। वहीं आगरा की झांकिया भी खासा आकर्षण का केन्द्र रहेगी। जिनमें बाहुबली शंकर भगवान,नंदी महाराज, अगोरी महाराज, गोरिल्ला सहित अन्य कई झांकिया शामिल रहेगी। श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने शहर समेत जिलेभर के धर्मप्रेमी लोगो से भगवान श्री राम की शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।



#### कलेक्टर-एसपी की अगुवाई में निकाला फ्लैग मार्च

शुक्रवार को शहर में निकलने वाली भगवान श्री राम की शोभायात्रा की सुरक्षा के मद्देनजर गुरूवार को पुलिस प्रशासन के द्वारा कलेक्टर अर्पित वर्मा और पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल की अगुवाई में फ्लैगमार्च निकाला गया और सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया गया। कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में किला स्थित श्रीरामजानकी मंदिर से पुलिस कोतवाली गुलम्बर तक निकाले गये फ्लैगमार्च के क्रम में किला रोड, किला गेट, मोती टिकिया क्षेत्र, मैन बाजार एवं गुलम्बर तक पुलिस फोर्स के साथ अधिकारियों द्वारा पैदल मार्च करते हुए भ्रमण किया गया। अधिकारियों द्वारा इस दौरान रामनवमीं के अवसर पर किला स्थित श्री रामजानकी मंदिर से स्टेशन रोड स्थित श्री राम तलाई हनुमानजी मंदिर तक निकलने वाले चल समारोह के मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा श्री रामजानकी मंदिर के मंहत रामभरोसे महाराज, श्रीराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल तथा अन्य पदाधिकारियों से चर्चा की गई। इस दौरान अधिकारियों द्वारा श्री रामजानकी मंदिर परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया गया तथा मंदिर में दर्शन किये गये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एएसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम गगन सिंह मीणा, एसडीओपी राजीव गुप्ता सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहें।

### वंदेमातरम गायन का जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

# वंदे मातरम का सस्वर संपूर्ण गायन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




भारत सरकार द्वारा वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में गुरूवार को जिला पंचायत परिसर स्थित निषादराज भवन में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गायन का जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। कलेक्टर अर्पित वर्मा की मौजूदगी में आयोजित हुए इस गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम गीत का सामूहिक सस्वर संपूर्ण गायन हुआ। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरोज तोमर, पूरण आर्य आदि जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारी गण तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

वंदे मातरम के जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा सहित अन्य अतिथियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को अशोक झा, अभिलाषा झा, आदित्य चौहान, डॉ चन्द्रमोहन सिंहल, सोनेराम गुप्ता, पीयूष गोयल, जगदीश प्रसाद शर्मा, हबीब मोहम्मद कुरैशी, सीताराम चौहान, दौलत स्वर्णकार, जगमोहन भार्गव, आशीष मित्तल, आशीष चौहान, मनीष नागौरी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक आबकारी अधिकारी लोकेश तिवारी तथा आभार प्रदर्शन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन द्वारा किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। उल्लेखनीय है कि संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न चरणों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसी क्रम में 23 मार्च 2026 से 30 मार्च 2026 तक वंदेमातरम विशेष चरण आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए वंदे मातरम के इतिहास भाव और राष्ट्रीय चेतना को जन-जन तक पहुंचाना है।

## खबर संक्षेप

### बैसाखी पर्व पर चलेगी दिल्ली-अशोकनगर के बीच विशेष ट्रेन, बीना रहेगा स्टॉपेज

बीना। यात्रियों की सुविधा एवं आगामी बैसाखी पर्व के दौरान तीर्थ यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से अशोकनगर रेलवे स्टेशन के मध्य चलाई जाएगी। भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 04004 दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से अशोकनगर रेलवे स्टेशन के लिए 11 अप्रैल (शनिवार) को दोपहर 12.15 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 04003 अशोकनगर रेलवे स्टेशन से दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के लिए दिनांक 15 अप्रैल (बुधवार) को शाम 5 प्रस्थान करेगी। विशेष ट्रेन फरीदाबाद रेलवे स्टेशन, पलवल रेलवे स्टेशन, कोसीकलां रेलवे स्टेशन, मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, धौलपुर रेलवे स्टेशन, ग्वालियर जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन एवं बीना जंक्शन स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराना बाजार निवासी सचिन जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मीना सोनी और कृष्णगोपाल सोनी ने उससे लाठी डंडो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौ शाला टोरिया निवासी लक्ष्मण लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुशील, अरबिंद और राजकुमारी श्रीवास्तव एवं अचर्ना श्रीवास्तव ने प्लॉट पर अवैध कब्जा कर झूठा केस लगाने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी रवि अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आदर्श और जीवनलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंघपुर पांडरी निवासी अमोल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी करण और पूजा आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पारसौल निवासी भूपेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गजेन्द्र यादव, धनपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रांठ निवासी सविता बाई रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रदीप रघुवंशी निवासी उकावल और राजीव, हेमराज और गजेन्द्र रघुवंशी ने उसके घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। सेहराई पुलिस ने रविन्द्र यादव निवासी सेहराई के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। कदवाया पुलिस ने ग्राम छिकरी निवासी हरवीर जाटव के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### बचपन नगर की गलियों में बीता, 95वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब

# राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल ने किया कन्या पूजन संपन्न, निकाली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

चैत्र नवरात्र की दुर्गा अष्टमी पर राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल ने मां जागेश्वरी धाम पर कन्या पूजन कर सुबह 5 बजे मां जागेश्वरी धाम से यात्रा निकाली जो 6.30 बजे मां जागेश्वरी धाम पर पहुंची। सर्वप्रथम नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने कुशवाहा समाज कि डेढ़ माह की बच्ची का विधि विधान से पूजन कर यात्रा की शुरुआत की। तत्पश्चात सभी कन्याओं को तिलक रोरी लगाकर चुनरी उड़ाई गई एवं सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर भक्त माली ने बताया कि चैत्र नवरात्र का पर्व अब समापन की ओर है। उससे पहले कन्या पूजन का विधान है। नवरात्र के अंतिम दो दिन अष्टमी और नवमी तिथि पर विशेष रूप से कन्या पूजन किया जाता है। जिसे देवी की साक्षात उपासना का रूप माना गया है। छोटी कन्याओं में मां दुर्गा का वास होता है, राधे राधे प्रभातफेरी मंडल ने कन्याओं का पूजन करके सभी भक्तों ने व्रत पूरा कर देवी की कृपा प्राप्त की। इस दौरान डॉ रूपनारायण, डोली राय, मोहित सेन एवं सिया देवी ने भक्तिपूर्ण भजन गाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। सभी कन्याओं की आरती कार्यक्रम का समापन किया गया।



## अहिंसा पदयात्रा का उत्साहपूर्ण स्वागत, सैकड़ों श्रद्धालु शामिल

**बीना**। विश्व शांति एवं अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आदिनाथ जयंती से भगवान महावीर जयंती तक जारी अहिंसा पदयात्रा गुरुवार को श्रुतधाम से प्रस्थान कर शांतिनाथ जैनालय एवं शांतिनाथ जिनालय होते हुए नभिनंदन दिगंबर इटावा जैन मंदिर पहुंची। पदयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। मंदिर परिसर पहुंचने पर भगवान का अभिषेक एवं पूजन अत्यंत श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर ब्रह्मचारी संदीप भैया सरल द्वारा अहिंसा पर प्रेरणादायक प्रवचन दिया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि अहिंसा ही मानव जीवन का सर्वोच्च धर्म है और समाज में प्रेम, करुणा एवं सद्भाव बनाए रखने का यही सशक्त मार्ग है। आरके जैन ने बताया कि यह पदयात्रा 27 मार्च को श्रुत धाम से छोटी बजरिया की ओर प्रस्थान करेगी तथा 28 मार्च को प्रातः 5 बजे श्रुत धाम से खुरई तक पहुंचेगी। आगामी कार्यक्रम अत्यंत भव्य एवं आकर्षक रहेगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं एवं समाजजनों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अहिंसा पदयात्रा में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाएं तथा अहिंसा के इस पावन संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करें।

> **समाज में प्रेम, करुणा एवं सद्भाव बनाए रखने का यही सशक्त मार्गः ब्रह्मचारी संदीप भैया**

## रेलवे स्टेशन पर हिरण को कुत्तों ने किया घायल गौ सेवकों ने बचाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

रेलवे स्टेशन पर एक हिरण को कुत्तों के द्वारा घायल करने की सूचना पर गौ सेवक मौके पर पहुंचे और करीब 1 घंटे रेस्क्यू चलाकर हिरण को बचाकर इलाज किया एवं उसे सुरक्षित वन विभाग की डिपो में भेजा गया। गौ सेवा दल सदस्य राजेंद्र यादव ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिली थी बीना रेलवे स्टेशन पर कुत्तों के द्वारा एक हिरण को घायल कर दिया है। सूचना मिलते ही मौके पर गौ सेवा दल, डायल 112 एवं वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब 1 घंटे की रेस्क्यू के बाद हिरण को पकड़कर वन विभाग के सुपुर्द किया गया। रेस्क्यू के दौरान गौ सेवा दल सदस्य राजेंद्र यादव, अनुराग जैन, अमर ठाकुर, ओम नारायण ठाकुर, वन विभाग के डिप्टी रेंजर सुनील कुमार, वन रक्षक जलोत गोस्वामी, संग्राम सिंह यादव एवं आरपीएफ जवान पंकज कुमार, डायल 112 से आरक्षक विक्रम प्रताप एवं पायलट इमरत सेन मौजूद रहे।

## अशोकनगर दिगंबर जैन महिला परिषद की कमान डॉ. वर्षा को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, शाखा अशोकनगर (राजुल संभाग) के आगामी सत्र 2026-28 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। परिषद की वर्तमान अध्यक्ष प्रियंका जैन एवं सचिव प्रीति बाबा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि संगठन की मजबूती और एकता का परिचय देते हुए डॉ. वर्षा बड़कुल को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है।

### वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में घोषणा

कार्यकारिणी के चयन के दौरान जैन समाज की वरिष्ठ महिला पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहीं नीलू बरोदिया, केंद्रीय चेयरपर्सन एवं जनसंपर्क अधिकारी ममता जैन अथाईखेड़ा, प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी, रश्मि जैन प्रांतीय चेयरपर्सन, प्रियंका जैन वर्तमान अध्यक्ष, प्रीति बाबा



सचिव, अंजू कांसल कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित रहीं। डॉ. वर्षा बड़कुल के नाम की घोषणा होते ही सभा में उपस्थित समस्त सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि डॉ. वर्षा के कुशल नेतृत्व में परिषद सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी और संस्था निरंतर उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर होगी। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. वर्षा बड़कुल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए परिषद के उद्देश्यों को सेवा और समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी के द्वारा अशोकनगर में सिलसिला के तहत व्याख्यान व रचना पाठ आयोजित

**अशोकनगर**। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्वावधान में ज़िला अदब गोशा, अशोक के द्वारा सिलसिला के तहत व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन 24 मार्च को रोटरी क्लब भवन, अशोकनगर में जिला समन्वयक आरपी कामिल के सहयोग से किया गया। अशोकनगर में आयोजित सिलसिला के लिए मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी ने अपने संदेश में कहा कि अशोकनगर में गत वर्षों से "सिलसिला" संगोष्ठी में जिस उत्साह और सक्रियता के साथ साहित्यकारों व शायरों की सहभागिता देखने को मिलती रही है, वह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है। यह इस क्षेत्र की समृद्ध साहित्यिक परंपरा और उर्दू अदब के प्रति गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। यहां के साहित्यकार और शायर अपने स्तरीय एवं सार्थक लेखन के लिए पहचाने जाते हैं। ऐसे प्रतिभाशाली रचनाकारों की उपस्थिति इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान करती है। अकादमी का यह प्रयास इस दृष्टि से सफल और सार्थक है कि वह इन योग्य रचनाकारों को एक सशक्त मंच उपलब्ध करा पा रही है, जहाँ वे अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति को व्यापक श्रोताओं तक पहुँचा सकें। अशोकनगर ज़िले के समन्वयक रवि प्रकाश कामिल ने बताया कि सिलसिला के तहत व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शायर सुधीर गुप्ता ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उस्ताद शायर ख़लील अश्क एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश श्रीवास्तव मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर ख़लील अश्क ने अपने वक्तव्य में उर्दू शायरी और ग़ज़ल के इतिहास के बारे में बात की। कार्यक्रम का संचालन महेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## काशी के अघोरी, कोलकाता की महाकाली एवं छत्तीसगढ़ से दुर्गा झांकी रहेगी आकर्षण केंद्र

### श्रीराम नवमी पर आज नगर में निकलेगी भव्य शोभा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

श्रीराम नवमीं के अवसर पर शहर में आज भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें देश के विभिन्न शहरों की झांकियां भी शामिल होंगी। यह जानकारी गुरुवार को श्रीनरसिंह हिन्दू संगठन के द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में विकास राजपूत ने कहीं। विकास राजपूत ने बताया कि श्रीराम नवमीं पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर शहर को ध्वजों से सजाया गया है। सुबह 11.30 बजे भगवान का प्रकटोत्सव होने के बाद शाम चार बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें आसापास के क्षेत्र की बुंदेली संस्कृति पर आधारित मंडली अपने कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगी। इसमे काशी से अघोरी, कोलकाता से महाकाली, छत्तीसगढ़ से नवदुर्गा झांकी, हरियाणा से बाहुबली हनुमान, वृन्दावन की रासलीला, पंजाब का विहंग अखाड़ा, दक्षिण भारत का कांतारा, बुंदलेखंड का प्रसिद्ध बधाई नृत्य, शेर नृत्य, दिवारी नृत्य, धर्मध्वज, नाचने वाले घोड़े रहेंगे। विवेक राजपूत ने बताया कि शोभायात्रा में महाकाली द्वारा महिषासुर मर्दन, भगवान श्रीनरसिंह द्वारा हिरण्यकश्यप वध, प्रहलाद संवाद, बैल बारात, बाहुबली शंकर जी, आदियोगी, सागर की श्रीराधे-राधे भजन मंडली की भजन की प्रस्तुति, अखाड़ा रहेंगे। शिवम पाठक ने बताया कि श्रीराम लला अयोध्या दरबार, लवकुश प्रसंग, अशोक वाटिका प्रसंग, सर्वोदय चौराहा पर महाआरती, आतिशबाजी, अयोध्या श्रीराम मंदिर की कृति की जीवंत झांकी रहेगी।

### महावीर जयंती पर दिल्ली के कलाकारों द्वारा किया जाएगा आध्यात्मिक शो

## मुंगावली में दुर्लभ सागर महाराज की भव्य अगवानी की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के शिष्य मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज संसघ का भव्य मंगल प्रवेश बुधवार को सुबह नगर में हुआ। जहां नगर के जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा नगर के मल्हारगढ़ रोड स्थित गोशाला पर पहुंचकर मुनि संघ की मंगल आगवानी की गई,जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

मुनि संघ की आगवानी को लेकर दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी द्वारा एक दिन पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी गई। वही मुनि संघ कुरवाई से



मंगल विहार करते हुए नगर में मंगल प्रवेश हुआ, मंगल आगवानी को लेकर लोगों द्वारा अपने घरों के बाहर आकर्षक रंगोली सजाई गई। वहीं इस अगवानी में नगर के दिव्य घोष वीर सेवा दल ने मनमोहक प्रस्तुति दी। मुनि संघ मल्हारगढ़ रोड, विद्यार्थी चैराहा, स्टेशन रोड,टॉकीज चैराहा,होते हुए संत निवास पहुंचे, वही मुनि संघ का जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा पाद प्रक्षालन किया गया। वही संत निवास में श्रीजी का अभिषेक,शांतिधारा की क्रियाएं मुनि संघ के मुखारबिंद सम्पन्न हुई।

### महावीर जयंती पर आध्यात्मिक शो का आयोजन होगा

मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज संसघ के सानिध्य में जहां महावीर जयंती के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वही इस बार नगर के इतिहास में प्रथम वार आध्यात्मिक शो का आयोजन किया जाएगा, जिसका नाम रत्नत्रय होगा जो कि बर्धमान से वर्तमान के बर्धमान की गाथा को प्रस्तुत करेंगे, जिसमें देश के जाने माने कलाकार इस आध्यात्मिक शो में शामिल होगें। यह आयोजन पुरानी गल्ला मंडी में आयोजित किया जाएगा, जो महावीर जयंती के दिन शाम को आयोजित किया जाएगा।

## पिपरई में शराब व मांस की दुकान खोलने के विरोध में नगरवासियों ने ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

नगर में प्रस्तावित शराब और मांस की दुकान को लेकर स्थानीय लोगों में विरोध बढ़ता जा रहा है। नगर की महिलाओं एवं नगरवासियों ने मिलकर एसडीएम एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। वहीं दूसरा ज्ञापन सीएमओ को भी दिया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि नगर पिपरई में मंदिर, गुरुद्वारे, शैक्षणिक संस्थान और घनी आबादी वाले रहवासी क्षेत्र मौजूद हैं। ऐसे स्थानों के पास शराब या मांस की दुकान खोलने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे धार्मिक भावनाओं,



श्रद्धालुओं और विद्यार्थियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इस कारण नगरवासी इस निर्णय का विरोध कर रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि पहले से ही नगर विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है और यदि यहां शराब की नई दुकान खोली जाती है तो स्थिति और अधिक खराब हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसी दुकानों को नगर के बाहर, आबादी से दूर किसी अलग चिन्हित स्थान पर खोला जाए।

## जित्तू खारे की राई पर झूमा जनसैलाब गणगौर मेले में उमड़ी भारी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जागेश्वरी गणगौर मेले में आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत मंगलवार की रात बुंदेली संस्कृति के रंग जमकर बिखरे। सुप्रसिद्ध बुंदेली गायक जित्तू खारे बादल को सुनने के लिए जनसैलाब इस कदर उमड़ा कि मेला परिसर छोटा पड़ गया। आलम यह था कि देर रात तक पंडाल में पैर रखने की भी जगह नहीं बची।

**देर रात तक चला बुंदेली लोकगीतों का जादू-** रात करीब 9:00 बजे जैसे ही जित्तू खारे ने मंच संभाला, दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने अपनी सुपर हिट बुंदेली राई और लोकगीतों की प्रस्तुति से समां बांध दिया। कार्यक्रम रात 2:00 बजे तक अनवरत चलता रहा और श्रोता मंत्रमुग्ध होकर झूमते रहे।

### दुकानदारों के चेहरे खिले पुलिस के छूटे पसीने

जित्तू खारे के कार्यक्रम का सीधा लाभ मेला व्यापारियों को भी मिला। भीड़ बढ़ने से दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई, जिससे दुकानदारों के चेहरे खुशी से खिल उठे। हालांकि, भारी भीड़ के कारण सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को खासी मशक्कत करनी पड़ी। स्थिति ऐसी थी कि पुलिस के लिए भीड़ को नियंत्रित करना भी मुश्किल हो गया।

**आगामी कार्यक्रमों को लेकर प्रशासन अलर्ट-** नगर पालिका द्वारा आयोजित मेले में मनोरंजन का सिलसिला जारी है। आने वाले दिनों में और भी बड़े कार्यक्रम होने हैं 28 मार्च जयसिंह राजा परमार की प्रस्तुति एवं 02 अप्रैल कविता शर्मा का कार्यक्रम आयोजित होगा। जित्तू खारे के प्रोग्राम में उमड़ी भीड़ को देखते हुए प्रशासन अब अलर्ट मोड पर है। आने वाले कार्यक्रमों में भारी जनसमूह के जुटने के अनुमान को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की तैयारी की जा रही है।

## जगत को अनुशासित प्रेम करना मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम चंद्र ने सिखायाः अविचल सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मोह माया को छोड़ना नहीं है बस इतना कर लें कि मोह किस्से कितना करना है, भगवान से सबसे अधिक प्रेम करो, मोह रखो फिर देखना तुम्हारे अंदर कैसे आत्मबल आता है। मोह को छोड़ना नहीं है किससे कितना करना है इस बात पर विचार करना है अपने मोह को सभ्य अनुशासित और मर्यादित बनाना ही धर्म होता है। भगवान ने भी तो मोह किया मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम चन्द्र ने हमें किस्से कितना मोह प्रेम करना है यही तो सिखाया उनके जीवन का एक एक वृतांत हमें इस संसार में कदम कदम पर संभल कर चलना सिखाता है। सच कहें तो हम महापुरुषो के जीवन को ऊपर ऊपर ही देखते हैं। महापुरूष को आप से कुछ नहीं चाहिए वह तो प्रेम के भूखे हैं आचार्य श्री विद्यासागर मुनि पुंगव सुधासागर महाराज की प्रेरणा से यहां तक आए हो तो महापुरुषों से प्रेम कर लो आप लोगों को भी पंच परमेश्वर से प्रेम



करना है उसमें राग-द्वेष न हो। इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य दया भावना प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर महाराज ऐसे क्षेत्र में देशभर की समाज को प्रेरणा दे रहे हैं जिस दिशा में सर्वसमाज जनों का ध्यान ही नहीं है पद विहार करते हुए सड़क पर पड़ी घायल गायों को देखा और उनका दर्द महसूस किया और समाज को इस दिशा में आगे आने की प्रेरणा दी। श्री के सान्निध्य में दया भावना फाउंडेशन अशोकनगर द्वारा बहुत शीघ्र स्टेशन के पास स्थित गौ अस्पताल में ऐक्सरा मशीन स्थापित की जायेगी। इस हेतु कल मुनि श्री ने इसके आवश्यकता पर पंचायत कमेटी के साथ विस्तार से विचार विमर्श किया। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा संयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघई दया भावना टीम से नीलेश टिकंल एन के सचिन ऐन एस सहित अन्य प्रमुख जनो ने मुनिश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मुनि श्री के सान्निध्य में हुई जगत कल्याण के लिए महा शान्ति धारा

प्रत्येक जीव की सुख-समृद्धि के लिए निरन्तर भावना भाने वाले दया भावना प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर महाराज के श्री मुख से आज जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा के बीज मंत्रो का ब्रहद रुप श्रवण करने को मिला। इस दौरान शान्ति धारा करने का सौभाग्य सुचित कुमार सचिन कुमार कासल जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ओम प्रकाश देवेन्द्र कुमार धुर्रा सानू जैन महावीर ज्वेलर्स सहित अन्य भक्तों को प्राप्त हुआ इस अवसर पर मंत्री शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव के सान्निध्य में भगवान महावीर जन्म जयंती तक प्रतिदिन ब्रहद शान्ति धारा हो रही है आप सभी इसका सौभाग्य प्राप्त करें।

### प्रिय जनों का प्रेम मिलें स्नेह मिले इन्हें प्राप्त करने का भाव होना चाहिए

धर्म सभा में मुनिश्री ने कहा कि जिसने जन्म जनामन्तरो में मिले सुख वैभव समृद्धि को त्याग कर जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण कर देवाताओ की सेवा का त्याग कर परम वीतरागता को धारण कर लिया। ऐसे महापुरुषों की कृपा हम सब पर कैसे हो हमारा जीवन भी महा- कैसे वने वैभव समृद्धि सुख मिले प्रिये जनो का स्पट जनो का प्रेम मिलें स्नेह मिले।